संख्या–वे0आ0–2–1121/दस–54(एम)/2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
लघु सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 05 अगस्त, 2011

विषयः– वेतन समिति (2008) के पत्र दिनांक 18 मार्च, 2011 लघु सिंचाई विभाग के विशेष उपकरण संवर्ग की वेतन विसंगति के प्रकरण के सम्बन्ध की गयी विस्तृत संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वेतन समिति द्वारा लघु सिंचाई विभाग के विशेष उपकरण संवर्ग की वेतन विसंगति के प्रकरण के सम्बन्ध में पत्र दिनांक 18 मार्च, 2011 के माध्यम से दी गयी संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिये गये हैं :—

(1) विशेष उपकरण संवर्ग तथा बोरिंग टैक्नीशियन संवर्ग से अवर अभियन्ता के पद पर प्रोन्नति की समान एवं पारस्परिक तुलनीय व्यवस्था बनाये जाने के उद्देश्य से मैकेनिक (हेवी रिग) के 24 पदों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत 05 कार्मिकों को पद सहित अवर अभियन्ता में संविलीन कर दिया जाय। शेष रिक्त 19 पदों को डाउन ग्रेड करते हुए मैकेनिक यांत्रिक वेतनमान रू0 4000–6000 सादृश्य वेतन बैण्ड–1 (रू0 5200–20200), ग्रेड वेतन रू0 2400/– के पदों में संविलीन कर दिया जाय। ड्रिलर हेवी रिग वेतनमान रू0 4500–7000 के कुल 24 पदों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत 12 कार्मिकों को पद सहित अवर अभियन्ता के पदों में संविलीन कर दिया जाय। शेष रिक्त 12 पदों को डाउन ग्रेड करते हुए मैकेनिक (यांत्रिक) वेतनमान रू0 4000–6000 सादृश्य वेतन बैण्ड–1 (रू0 5200–20200), ग्रेड वेतन रू0 2400/– के पदों में संविलीन कर दिया जाय।

(2) अवर अभियन्ता के पदों को विशेष उपकरण संवर्ग से पदोन्नति के 03 प्रतिशत कोटे के 50 प्रतिशत पद मैकेनिक यांत्रिक तथा 50 प्रतिशत पद एयर कम्प्रेशर एवं ट्रक/ट्रैक्टर ड्राइवर से पदोन्नति के माध्यम से भरा जाय।

(3) उपर्युक्तानुसार मैकेनिक यांत्रिक के 31 पद बढ़ जाने के फलस्वरूप मैकेनिक यांत्रिक के कुल 81 पद उपलब्ध हो जायेंगे, जिनपर वेल्डर तथा सहायक मैकेनिक के पदधारकों की 50–50 प्रतिशत के अनुपात में पदोन्नति की जाय।

(4) आपरेटर वेतनमान रू0 4000–6000 के वर्तमान में कुल 03 पद हैं, जो रिक्त हैं। मा0 उच्च न्यायालय के निर्णयाधीन 01 पद को रिक्त रखा जाना है। शेष पदों को समाप्त कर दिया जाय।

(5) एयर कम्प्रेशर ड्राइवर वेतनमान रू0 4000–6000 (पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–1, रू0 5200–20200, ग्रेड वेतन रू0 2400/–) के 18 पदों तथा एयर कम्प्रेशर ट्रक/ट्रैक्टर ड्राइवर वेतनमान रू0 रू0 4000–6000 (पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–1, रू0 5200–20200, ग्रेड वेतन रू0 2400/–) के 74 पदों को संविलीन करते हुए एयर कम्प्रेशर एवं ट्रक/ट्रैक्टर ड्राइवर (ए0सी0टी0डी0) पदनाम से वेतनमान रू0 4000–6000 (पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–1, रू0 5200–20200, ग्रेड वेतन रू0 2400/–) रखा जाय। ए0सी0टी0डी0 के उपलब्ध कुल 92 पदों को ड्रिलर/ब्लास्टर वेतनमान रू0 3050–4590 (पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–1, रू0 5200–20200, ग्रेड वेतन रू0 1900/–) के पदधारकों से पदोन्नति के माध्यम से भरा जाय।

(6) ड्रिलर के 12 पद, ड्रिलर (इनवेल रिग) के 42 पद, सहायक ड्रिलर के 22 पद एवं ब्लास्टर के 49 पदों को एकीकृत/संविलीन कर ड्रिलर/ब्लास्टर के पदनाम से 125 पद रखे जायें। इन पदों पर 90 प्रतिशत सीधी भर्ती हाईस्कूल एवं आई0टी0आई0 अर्हता वाले अभ्यर्थियों से की जाय तथा 10 प्रतिशत पद हेल्पर पदधारकों की पदोन्नति से की जाय।

(7) इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर के 02 पद, मैकेनिक एवं फिटर के 02 पद, फिटर एवं इलेक्ट्रीशियन के 02 पद, वेल्डर एवं आपरेटर के 15 पदों तथा वेल्डर के 20 पदों को एकीकृत/संविलीन कर वेल्डर पदनाम से 41 पद रखे जायें तथा इन पदों को सीधी भर्ती द्वारा हाईस्कूल एवं आई0टी0आई0 की अर्हता वाले अभ्यर्थियों से भरा जाय।

(8) सहायक मैकेनिक वेतनमान रू0 3050–4590 (पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–1, रू0 5200– 20200, ग्रेड वेतन रू0 1900/–) के 34 पदों पर हाईस्कूल एवं आई0टी0आई0 अर्हता वाले अभ्यर्थियों से सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति की जाय।

(9) हेल्पर के पदों पर कनिष्ठ वर्ग के प्राविधिक पदों के सम्बन्ध में लिये गये

2— कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव।

संख्या–वे0आ0–2–112 (1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1
(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
(3) निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेब साइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।